संख्या ए.12025/1/2014-स्थापना-III
भारत सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

निर्माण भवन, नई दिल्ली
दिनांक 11/09/2015

## रिक्त पद

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में केन्द्रीय डिजाइन ब्यूरो में पीबी-4 [37,400-67000/-रु.] और ग्रेड-पे 8700/-रु. में मुख्य वास्तुविद का एक पद प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण [अल्पावधिक संविदा सहित] आधार पर भरने के लिए विहित प्रपत्र में निम्नलिखित अधिकारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं:

(क) नियमित आधार पर सदृश पदधारक अथवा पे-बैंड-3 (15600-39100/- रु.) और ग्रेड वेतन 7600/-रु. अथवा समकक्ष वेतनमान वाले पद में 5 वर्ष की सेवा प्रदान करने वाले तथा निम्नलिखित शैक्षणिक अर्हता एवम् अनुभव प्राप्त केन्द्र/राज्य सरकारों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ विश्वविद्यालयों/मान्यता प्राप्त परिषदों में कार्यरत अधिकारी:

**अनिवार्य:**

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वास्तुकला में डिग्री अथवा समकक्ष।
(ii) बड़ी निर्माण परियोजनाओं के निष्पादन की आयोजना, अभिकल्पना (डिजाइनिंग) और पर्यवेक्षण में किसी जिम्मेदार पद पर 12 वर्ष का अनुभव।
(iii) वास्तुविद् परिषद में पंजीकृत होना चाहिए।

**वांछनीय:**

(i) अस्पताल और अन्य चिकित्सीय संस्थानों के वास्तुशिल्पीय अभिकल्प (डिजाइन) के अनुसंधान और विकास में अनुभव।
(ii) वास्तुकला में स्नातक (बी.आर्क.) के उपरांत शहरी आयोजना संबंधी वास्तुकला में डिप्लोमा/डिग्री।

(ख) ग्रेड में 5 वर्ष की नियमित सेवा करने वाले और वास्तुकला परिषद में पंजीकृत विभागीय वरिष्ठ वास्तुविद।

**टिप्पणी:-** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें उसी अथवा केन्द्र सरकार के किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पूर्व धारित अन्य संवर्गेत्तर (बाह्य) पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि शामिल है, सामान्यत: तीन वर्षों से अधिक नहीं होनी चाहिए। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

पूर्व पृष्ठ से:

2. प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति के लिए चयनित अधिकारी भारत सरकार द्वारा समय-समय पर इस विषय के संबंध में जारी मौजूदा अनुदेशों के अनुसार वेतन/पेंशन (ड्यूटी) भत्ता आहरित करने हेतु पात्र होगा।

3 अर्हक और इच्छुक अभ्यर्थी उचित माध्यम द्वारा **अनुलग्नक –I** में संलग्न प्रपत्र में अपना आवेदन पत्र रोजगार समाचार में इस परिपत्र के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के अंदर अधोहस्ताक्षरी को भेज सकते हैं। आवेदन पत्रों को अग्रेषित करते समय संबद्ध विभाग कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि अभ्यर्थी (अभ्यर्थियों) का ब्यौरा सत्यापित हो तथा वह पात्रता संबंधी शर्तें पूरी करता हो।

4. आवेदन पत्र (पत्रों) के साथ समूह 'क' अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित विगत 5 वर्षों की वा.गो.रि (एसीआर)/एपीएआर, सतर्कता अनापत्ति प्रमाण पत्र और सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र भी भेजा जाना चाहिए। प्रत्येक अभ्यर्थी के संबंध में इस आशय का विवरण भी संलग्न होना चाहिए कि विगत दस वर्षों के दौरान अभ्यर्थी पर कोई भी छोटी/बड़ी शास्ति नहीं लगाई गई है। उपर्युक्त दस्तावेज के बगैर और विहित तारीख के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्र निरस्त कर दिए जाएंगे।

संलग्नक: आवेदन पत्र का प्रपत्र

(ध्रुव चक्रवर्ती)
अवर सचिव, भारत सरकार
टेली.नं. (011) 230 61323

प्रति

(1) भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग (मानक सूची के अनुसार)।
(2) स्वास्थ्य विभाग में सभी अनुभाग/डेस्क/प्रकोष्ठ/एकक।
(3) स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, प्रशासन I/II अनुभाग/ओ एंड एम अनुभाग को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के नियंत्रणाधीन सभी अधीनस्थ कार्यालयों में रिक्ति प्रपत्र को परिचालित करें ।
(4) सहायक निदेशक, रोजगार समाचार-पत्र, ईस्ट ब्लॉक, लेवल-5, आर.के.पुरम, नई दिल्ली-110066 से अनुरोध है कि रोजगार के शीघ्रातिशीघ्र अंक में इस रिक्ति परिपत्र को प्रकाशित करने का कष्ट करें।
(5) सचिव,संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाऊस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली।
(6) निदेशक (बीओपी), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, नई दिल्ली को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इसे मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
(7) नोटिस बोर्ड/गार्ड फाइल।

अनुलग्नक-I

## जीवन वृत्त/बायोडाटा का प्रपत्र

| | |
|---|---|
| 1. नाम और पता (साफ शब्दों में) | |
| 2. जन्म तिथि (ईस्वी सन् के अनुसार) | |
| 3. (i) सेवा में प्रवेश की तारीख | |
| (i) केन्द्रीय/राज्य सरकार के नियमों के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तारीख | |
| 4. शैक्षणिक योग्यताएं | |
| 5. क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक और अन्य योग्यताएं पूरी हैं । **(यदि किसी योग्यता को नियमों में विहित योग्यता के समकक्ष माना गया है तो तत्संबंधी प्राधिकारी का उल्लेख करें)** | |
| **विज्ञापन/रिक्ति परिपत्र में यथोल्लिखित अपेक्षित योग्ताएं/अनुभव** | **अधिकारी द्वारा प्राप्त योग्यताएं/अनुभव** |
| **अनिवार्य** | **अनिवार्य** |
| क) योग्यता | ख) योग्यता |
| ग) अनुभव | घ) अनुभव |
| **वांछनीय** | **वांछनीय** |
| क) योग्यता | ख) योग्यता |
| ग) अनुभव | घ) अनुभव |
| **5.1 टिप्पणी:** इस स्तंभ में रोजगार समाचार पत्र में विज्ञापन देने की तारीख तथा परिपत्र जारी करने की तारीख को प्रशासनिक **मंत्रालय/विभाग/कार्यालय** द्वारा भर्ती नियमों में यथोल्लिखित अनिवार्य और वांछनीय योग्याताओं का उल्लेख करने के लिए अतिरिक्त विवरण दिया जाना चाहिए। | |
| 6. कृपया आपके द्वारा की गई उपर्युक्त टिप्पणियों के आलोक में स्पष्टतापूर्वक यह बताएं कि क्या आप इस पद के लिए अपेक्षित अनिवार्य योग्यता तथा कार्य अनुभव की पूर्ति करते हैं। | |
| **6.1 टिप्पणी: विभागों को अपनी विशिष्ट टिप्पणियां/दृष्टिकोण प्रदान करने चाहिए जिनमें आवेदित पद के संदर्भ में अभ्यर्थी द्वारा धारित संबद्ध अनिवार्य योग्यता/कार्य अनुभव की पुष्टि की गई हो।** | |

7. कालानुक्रम अनुसार रोजगार का ब्यौरा। **यदि नीचे दिया गया स्थान पर्याप्त न हो तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत अधिप्रमाणित करके एक अलग शीट लगाएं।**

| कार्यालय/संस्थान | नियमित आधार पर धारित पद | दिनांक से | दिनांक तक | *नियमित आधार पर धारित पद का पे-बैंड और ग्रेड-पे/वेतनमान | कार्यों की प्रकृति (विस्तारपूर्वक), आवेदित पद के लिए अपेक्षित अनुभव का ब्यौरा भी दें |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

***महत्वपूर्ण:** एसीपी/एमएसीपी के तहत प्रदत्त पे बैंड और ग्रेड-पे अधिकारी के लिए वैयक्तिक हैं और इसलिए इनका उल्लेख नहीं करना चाहिए। केवल नियमित आधार पर धारित पद के पे-बैंड और ग्रेड-पे/वेतनमान का उल्लेख करना चाहिए। मौजूदा पे-बैंड और ग्रेड-पे सहित एसीपी/एमएसीपी का ब्यौरा, यदि अभ्यर्थी द्वारा ऐसे लाभ प्राप्त किए गए हैं, निम्नानुसार दिया जा सकता है:

| कार्यालय/संस्थान | एसीपी/एमएसीपी स्कीम के अंतर्गत आहरित-पे, पे-बैंड तथा ग्रेड-पे | दिनांक से | दिनांक तक |
|---|---|---|---|
| | | | |

<table>
<tr><td colspan="2">8. मौजूदा रोजगार की प्रकृति अर्थात् तदर्थ अथवा अस्थाई अथवा स्थाईवत् अथवा स्थाई</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td colspan="2">9. यदि मौजूदा रोजगार प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर धारित किया हुआ है तो कृपया निम्नलिखित ब्यौरा दें:</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख</td><td>ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि</td><td>ग) उस मूल कार्यालय/संगठन का नाम, जिससे अभ्यर्थी संबद्ध है</td><td>घ) मूल संगठन में स्थाई हैसियत में धारित पद का नाम और पद का वेतन</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="3">9.1 टिप्पणी: यदि अधिकारी पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर है तो ऐसे अधिकारियों के आवेदन पत्र मूल संवर्ग/विभाग द्वारा अग्रेषित किए जाने चाहिए और इसके साथ संवर्ग अनापत्ति प्रमाण पत्र, सतर्कता अनापत्ति प्रमाण-पत्र तथा सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र संलग्न होना चाहिए।<br>9.2 टिप्पणी: यदि किसी व्यक्ति ने संवर्ग/संगठन के बाहर प्रतिनियुक्ति पर कोई पद धारित किया हुआ है लेकिन उसका मूल संवर्ग/संगठन में अभी भी लियन कायम है तो ऐसे सभी मामलों में उपर्युक्त कॉलम 9 (ग) और (घ) के अंतर्गत सूचना प्रदान की जानी चाहिए।</td><td></td></tr>
</table>

| | |
|---|---|
| 10. आवेदक पहले कभी किसी पद पर प्रतिनियुक्ति पर रहे हैं तो अंतिम प्रतिनियुक्ति से लौटने के तारीख तथा अन्य ब्यौरे | |
| **11. वर्तमान नियोजन के संबंध में अन्य ब्यौरे:**<br>कृपया बताएं कि किसके अधीन कार्यरत हैं (संगत कालम में नियोजक का नाम दर्शाएं)<br>क) केंद्र सरकार<br>ख) राज्य सरकार<br>ग) स्वायत्त संगठन<br>घ) सरकारी उपक्रम<br>ङ) विश्व विद्यालय<br>च) अन्य | |
| 12. कृपया बताएं कि आप उसी विभाग मे कार्यरत हैं और फीडर ग्रेड अथवा फीडर ग्रेड के फीडर हैं। | |
| 13. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तारीख बताएं जब संशोधन हुआ और संशोधन पूर्व वेतनमान दर्शाएं | |

14. कुल आहरित प्रतिमाह परिलब्धियाँ

| वेतन बैंड में मूल वेतन | ग्रेड पे | कुल परिलब्धियाँ |
|---|---|---|
| | | |

15. यदि आवेदक ऐसे संगठन में है जो केंद्र सरकार के वेतनमान नहीं अपनाते हैं, निम्नलिखित विवरण दर्शाते हुए संगठन की नवीनतम वेतन पर्ची संलग्न की जाए।

| वेतनमान सहित मूल वेतन और वेतन वृद्धि दर | महंगाई वेतन/अंतरिम राहत/अन्य भत्ते इत्यादि (अलग-अलग ब्यौरे) दें। | कुल परिलब्धियाँ |
|---|---|---|
| | | |

| | |
|---|---|
| 16.क आवेदित पद की उपयुक्तता के समर्थन में **अतिरिक्त जानकारी**, यदि कोई हो।<br>(इसमें अन्य जानकारी के अलावा (i) अतिरिक्त अकादमिक योग्यता (ii) पेशेवर प्रशिक्षण और (iii) रिक्ति के परिपत्र/विज्ञापन में मांगें गए कार्यअनुभव के अलावा अतिरिक्त कार्यानुभव ) दिया जाए। )<br>**(नोट: यदि पर्याप्त स्थान न हो तो अलग से शीट लगाएं)** | |
| 16.ख उपलब्धियाँ:<br>अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि निम्न के संबंध में सूचना दें: | |

| | |
|---|---|
| (i) अनुसंधान प्रकाशनों और रिपोर्टों तथा विशेष प्रोजेक्ट<br>(ii) अवार्ड, छात्रवृत्ति/कार्यालयी सराहना<br>(iii) पेशेवर निकायों/संस्थानों/ सोसाइटियों से संबद्धता और;<br>(iv) अपने नाम से पंजीकृत पेटेंट या संगठन के लिए अर्जित किए गए<br>(v) कोई अनुसंधान/नवाचार उपाय जिसके लिए कार्यालयी मान्यता मिली हो<br>(vi) अन्य कोई सूचना<br>**(नोट: यदि पर्याप्त स्थान न हो तो अलग से शीट लगाएं)** | |
| 17. कृपया बताएं कि आप प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी)/आमेलन /पुनर्नियोजन आधार पर आवेदन कर रहे हैं# (केंद्र/राज्य सरकार के अधिकारी की "आमेलन" के पात्र हैं। गैर-सरकारी संगठनों के अभ्यर्थी केवल लघु संविदा के ही पात्र हैं।) | |
| # ('एसटीसी'/ 'आमेलन' / 'पुर्न-नियोजन' का विकल्प तभी है जब रिक्ति के भर्ती परिपत्र में विशेष तौर पर इनका उल्लेख हो) | |
| 18. क्या अनुसूचित जाति/ जनजाति से संबद्ध हैं | |

मैंने ध्यानपूर्वक रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन पढ़ लिया है और मुझे ज्ञात है कि शैक्षिक अभिलेख एवं कार्य अनुभव पत्र में दी गई सूचना अनिवार्य अर्हता/कार्य अनुभव से संबंधित प्रलेखों द्वारा समर्थित है और पद के चयन के समय चयन समिति भी इसका मूल्यांकन करेगी। मेरे द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना/ ब्यौरे मेरे विश्वास के अनुसार सही व सत्य हैं और मेरे चयन से संबंधित कोई भी अभिज्ञात तथ्य छिपाए/दबाए नहीं गए हैं।

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

पता............................

.............................

तारीख................

## नियोजक /संवर्ग नियंत्रक अधिकारी द्वारा प्रमाणन

उपर्युक्त आवेदन में आवेदक द्वारा दी गई सूचना/ब्यौरे रिकार्ड में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सही व सत्य हैं। वे रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षिक अर्हताएं तथा अनुभव रखते हैं। उनका चयन होने पर उन्हें शीघ्र कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है:

i) श्री/श्रीमती के विरूद्ध कोई सतर्कता या अनुशासन प्रकरण लंबित/अपेक्षित नहीं है।

ii) उनकी सत्य निष्ठा प्रमाणित की जाती है।

iii) उनका गोपनीय रिपोर्ट डोजियर मूल रूप से संलग्न है/पिछले 5 वर्ष की गोपनीय रिपोर्ट अवर सचिव, भारत सरकार अथवा उच्च अधिकारी द्वारा अधि प्रमाणित फोटो प्रतियां संलग्न हैं।

iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान उनके विरुद्ध कोई बड़ी/लघु शास्ति नहीं लगाई गई है अथवा पिछले 10वर्षों के दौरान उन पर लगाई गई बड़ी/लघु शास्तियों की सूची संलग्न है (जैसी भी स्थिति हो)

प्रतिहस्ताक्षरित

----------------

(नियोजक/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी मोहर सहित)